**विजय दिवस** | 27वें कारगिल विजय दिवस के मौके पर मुख्यालय मध्य भारत एरिया ने बहादुर सैनिकों के बेमिसाल साहस और वीरता को याद किया

# शहीदों का बलिदान देश के लिए प्रेरणास्रोत : लेफ्टिनेंट जनरल वांद्रा



**नवभारत, जबलपुर।** कारगिल युद्ध के अमर शहीदों का अदम्य साहस, सर्वोच्च बलिदान एवं कर्तव्य के प्रति उनकी निष्ठा सदैव भारतीय सैनिकों तथा देश के प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणास्रोत बनी रहेगी। ये बातें जनरल ऑफिसर कमांडिंग मध्य भारत एरिया, लेफ्टिनेंट जनरल हरबिंदर सिंह वांद्रा ने कारगिल युद्ध के अमर वीरों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहीं। इस अवसर पर वांद्रा ने भारतीय सेना की राष्ट्र की संप्रभुता, एकता एवं क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया। 27वें कारगिल विजय दिवस के मौके पर, मुख्यालय मध्य भारत एरिया ने भारतीय सशस्त्र बलों के उन बहादुर सैनिकों के बेमिसाल साहस, वीरता और सर्वोच्च बलिदान को पूरे सम्मान के साथ याद किया, जिन्होंने 1999 में कारगिल युद्ध (ऑपरेशन विजय) के दौरान देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी थी। बेहद खराब मौसम और बर्फ से ढकी खतरनाक पहाड़ी चोटियों पर 16,000 फीट से ज्यादा की ऊंचाई पर लड़ते हुए, भारतीय सैनिकों ने असाधारण साहस, अटूट संकल्प और बेहतरीन पेशेवर रवैया दिखाया और आखिरकार दुश्मन के नापाक मंसूबों को नाकाम कर दिया। हर साल 26 जुलाई को मनाया जाने वाला 'कारगिल विजय दिवस', 'ऑपरेशन विजय' की सफल समाप्ति का प्रतीक है। इस संघर्ष के दौरान 527 बहादुर सैनिकों ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया, जबकि 1,363 जवान घायल हुए। इन वीरों का बलिदान हमेशा इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज रहेगा।

### 'लास्ट पोस्ट' की धुन के साथ हुआ शुभारंभ

समारोह का शुभारंभ 'लास्ट पोस्ट' की धुन के साथ हुआ, जिसके उपरांत अमर शहीदों की पावन स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया। पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ पुष्पचक्र अर्पित कर वीर सैनिकों के अद्वितीय साहस, कर्तव्यनिष्ठा एवं सर्वोच्च बलिदान को कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।


### गौरवशाली सैन्य परम्पराओं का अनोखा प्रतीक

यह समारोह राष्ट्रभक्ति, कर्तव्यपरायणता, सम्मान एवं निःस्वार्थ सेवा की उन गौरवशाली सैन्य परम्पराओं का प्रतीक बना, जो आज भी देशवासियों एवं भावी पीढ़ियों को प्रेरणा प्रदान करती हैं। इस ऑपरेशन के जरिए भारतीय सशस्त्र बलों ने लद्दाख के कारगिल-द्रास-बटालिक सेक्टर में उन रणनीतिक ऊंचाइयों को वापस हासिल किया था, जिन पर पाकिस्तानी सेना ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया था।

### स्टेशन युद्ध स्मारक पर अर्पित किया पुष्पचक्र

इस ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में तथा कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए लेफ्टिनेंट जनरल हरबिंदर सिंह वांद्रा, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, मध्य भारत एरिया, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय एवं स्टेशन के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों, पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, सेवारत सैन्यकर्मियों, गणमान्य नागरिकों एवं उनके परिवारजनों के साथ मुख्यालय मध्य भारत एरिया, जबलपुर स्थित स्टेशन युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर वीर शहीदों को नमन किया।

# साहित्य के सामूहिक सृजन से आईना ने रचा विश्व रिकॉर्ड



**नवभारत ,जबलपुर।** वैश्विक साहित्यिक मंच आईना ने सामूहिक रचनात्मकता का नया इतिहास रचते हुए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में स्थान प्राप्त किया है। सात आयाम जीवन के विषय पर आयोजित आईना धरोहर विश्व कीर्तिमान परियोजना में देश-विदेश के 775 साहित्यकारों, कवियों और रचनाकारों ने अपनी स्वरचित रचनाओं के माध्यम से सहभागिता दर्ज कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया।

परियोजना का नेतृत्व अंतराष्ट्रीय काव्य प्रेमी मंच एवं आईना की संस्थापकअध्यक्ष डॉ. ममता सैनी ने किया। जानकारी देते हुए उन्होंने बताया की यह अभियान साहित्य, संस्कृति और आधुनिक तकनीक के समन्वय का सशक्त उदाहरण है, जिसने विभिन्न देशों के रचनाकारों को एक मंच पर जोड़कर वैश्विक साहित्यिक संवाद को नई दिशा दी। उन्होंने कहा की यह उपलब्धि सभी साहित्यकारों, कवियों, लेखकों, वैश्विक प्रतिनिधियों, विकास सहयोगियों और सहयोगी संस्थाओं के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। परियोजना के अंतर्गत वर्ष 2026 के साहित्यकारों एवं चिंतकों के विचारों को सात आयाम जीवन के विषय पर एक विशेष संकलन में सुरक्षित किया गया है, जो भविष्य के लिए महत्वपूर्ण साहित्यिक धरोहर बनेगा।

### उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान

इस अवसर पर संस्कारधानी जबलपुर की वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मुकुल तिवारी को परियोजना में उत्कृष्ट योगदान के लिए उत्कृष्ट योगदानकर्ता सम्मान से सम्मानित किया गया। वहीं डॉ. विनीता पाण्डे विनीत ,एड. तृप्ति त्रिवेदी, डॉ. अपर्णा अवस्थी, डॉ. निरुपमा पाठक, डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, डॉ. रश्मि शुक्ला, डॉ. निधि मधुर और डॉ. सुलक्षणा त्रिपाठी सहित अनेक साहित्यकारों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### 18 से 82 वर्ष के रचनाकार हुए शामिल

परियोजना में जबलपुर एवं आसपास के लगभग 200 महिला और पुरुष साहित्यकारों ने अपनी रचनाएं भेजीं कार्यक्रम में 82 वर्ष से 18 वर्ष तक की आयु के रचनाकारों ने ऑनलाइन मंच के माध्यम से अपनी काव्य रचनाएं साझा कर संस्कारधानी को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। यह विश्व कीर्तिमान सामूहिक सृजन, साहित्यिक प्रतिबद्धता और सांस्कृतिक चेतना का प्रेरक उदाहरण बनकर उभरा है।

## एक नजर में

### सैम सीनियर सिटीजन क्लब की आओ सखी मेहंदी रचाएं प्रतियोगिता आज

**नवभारत, जबलपुर।** सैम सीनियर सिटीजन क्लब के तत्वाधान में आओ सखी मेहंदी रचाएं प्रतियोगिता का कार्यक्रम आज 27 जुलाई को साउथ एवेन्यू मॉल में शाम 4:30 बजे होगी, जिसमें 22 प्रतियोगी भाग ले रहे हैं। ये प्रतियोगिता पिछले 14 सालों से हो रही है। इस प्रतियोगिता में मेहंदी वहीं पर लगाई जाएगी, जिसके लिए प्रतियोगियों को 20 मिनट का समय दिया गया है। इस अवसर पर नगर निगम के आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार स्वच्छता की शपथ ग्रहण भी कराएंगे। इस कार्यक्रम में उपस्थिति का अनुरोध क्लब के सदस्यों से संयोजक जादूगर एस. के. निगम, जसबीर चोपड़ा, रश्मि श्रीवास्तव और प्रभा श्रीवास्तव ने किया है।

### इंडियन आइडल फर्स्ट रनरअप तनिष्क शुक्ला का आगमन कल

**नवभारत,जबलपुर।** इंडियन आइडल के प्रथम रनरअप एवं देश के युवा लोकप्रिय गायक तनिष्क शुक्ला का 28 जुलाई को जबलपुर आगमन होगा। उनके स्वागत को लेकर संस्कारधानी में व्यापक तैयारियां की गई हैं। शहर के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों द्वारा डुमना विमानतल से लेकर आधारताल स्थित उनके निवास तक भव्य स्वागत यात्रा निकाली जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तनिष्क शुक्ला का आगमन प्रातः 11:55 बजे डुमना विमानतल पर होगा, जहां उनका आत्मीय स्वागत किया जाएगा। इसके बाद स्वागत यात्रा हितकारिणी इंजीनियरिंग कॉलेज, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, पचपेढ़ी तिराहा, महाकौशल चौराहा, सिविल लाइन स्थित साईं मंदिर, इंदिरा मार्केट, अंबेडकर चौक, ब्योहारबाग पेट्रोल पंप, भानतलैया, रद्दी चौकी, अधारताल महिला क्लब तथा इच्छापूर्ति हनुमान मंदिर (धनी की कुटिया) होते हुए उनके आधारताल स्थित निवास पहुंचेगी। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर अशोक तोमर, प्यारे पहलवान, राकेश सिंह, अरुण दुबे, सोनी मास्टर, श्री अवधेश यादव एवं अधिवक्तागण, अंचल सोनकर, रत्नेश सोनकर, हिमांशु साहू तथा डॉ. विनोद दुबे सहित अनेक सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा उनका नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि स्वागत यात्रा के समापन पर धनी की कुटिया, आधारताल स्थित निवास पर समूह भोज, स्नेह मिलन एवं आभार कार्यक्रम आयोजित होगा। संस्कारधानी वासियों एवं संगीत प्रेमियों से इस ऐतिहासिक स्वागत यात्रा में शामिल होकर देश के गौरव, युवा गायक तनिष्क शुक्ला का उत्साहवर्धन करने की अपील राम मूर्ति मिश्रा, कमलेश अग्रवाल पार्षद, चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के हेमराज अग्रवाल, राजा सराफ अध्यक्ष मध्य प्रदेश सराफा एसोसिएशन, पार्षद विमल राय, प्रशांत मिश्रा, अशोक तोमर, दिनेश ठाकुर, ओम अग्रवाल, पंकज पांडे ,सर्वेश मिश्रा, विवेक चौधरी, प्रकाश शाह सचिव बंगाली क्लब ,राजीव तिवारी अध्यक्ष प्राइवेट छात्रावास संगठन, मनीष अग्रहरि ने की है।

# मिलन संस्था के सामूहिक सुंदरकांड पाठ में उमड़ा जनसैलाब



**रामभक्ति से गुंजायमान हुआ वातावरण**

**नवभारत,जबलपुर।** मिलन संस्था के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में नरसिंह मंदिर में आयोजित सामूहिक सुंदरकांड पाठ महोत्सव मेंआस्था, श्रद्धा और भक्ति का अदभुत संगम देखने मिला। सामूहिक पाठ के दौरान पूरा परिसर श्रीराम के जयघोष, भजन-कीर्तन और मंत्रोच्चार से भक्तिमय हो उठा।

श्रद्धालुओं ने एक स्वर में सुंदरकांड का पाठ कर समाज में आध्यात्मिक एकता, सांस्कृतिक चेतना और धार्मिक समरसता का संदेश दिया। आयोजन का प्रत्येक क्षण भक्ति, अनुशासन और सामूहिक सहभागिता की मिसाल बनकर उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर करता रहा। कार्यक्रम में प्रधान संरक्षक महामहोपाध्याय डॉ. आचार्य हरिशंकर दुबे, संयोजक के.के. नायकर, अध्यक्ष एडवोकेट ईश्वर सिंह ठाकुर, सचिव डॉ. मुकुल तिवारी, मृगेंद्र नारायण सिंह, कोषाध्यक्ष जगदीश पटेल, दिलीप नीखरा, डॉ. शोभा सिंह, अज्ञेय शशि, डॉ. अनिल कोरी, डॉ. विनीता पैगवार, अजय मिश्रा, सुलभा गिरीश बिल्लौरे, राकेश खंपरिया तथा दुर्गेश व्यौहार , दीपक तिवारी, लोकराम कोरी, डॉ. राजेंद्र नेमा, राजेश नेमा, पं. के.के. शुक्ला, सुरेश विचित्र, अरविंद राय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता ने आयोजन को ऐतिहासिक और यादगार बना दिया।

# सर्व ईसाई महासभा की नई जिला कार्यकारिणी ने ग्रहण की शपथ



**नवभारत, जबलपुर।** सर्व ईसाई महासभा की नई जिला कार्यकारिणी का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह आध्यात्मिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेरी पॉल की अनुशंसा पर गठित इस टीम को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डेविड फ्रांसिस ने शपथ दिलाई और राष्ट्रीय महासचिव ने नियुक्ति-पत्र सौंपे। इस दौरान पदाधिकारियों ने समाज की एकता, सेवा, शिक्षा और मसीही हितों की रक्षा का संकल्प लिया। नई कार्यकारिणी में फ्रांसिस मरियान जिला संयोजक, डेंजिल आंग्रे जिला अध्यक्ष, पास्टर विनय दास जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शारिका सिंह व जेरी दयाल जिला उपाध्यक्ष, नितिन भरोस जिला सचिव, पी. राजा बाबू जिला कोषाध्यक्ष, डॉ. अर्चना बेंजामिन जिला सह-कोषाध्यक्ष, मैशाक चौधरी जिला संगठन मंत्री, पास्टर नीरज गुप्ता व रवीश चार्ल्स जिला सह-सचिव, पास्टर स्टैनली सुकुमार विशेष सलाहकार, मनोज एंथोनी मीडिया प्रभारी तथा अजय सिंह, रविन्द्र रैदास व संजय एंथोनी जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किए गए।

### जनकल्याण के लिए सदैव समर्पित रहेंगे

समारोह के अंत में आभार व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने विश्वास जताया कि नवगठित टीम सामाजिक न्याय और जनकल्याण के लिए सदैव समर्पित रहेगी। इस दौरान रेवरेंड डेविड लाल, बिशप अर्नेस्ट सिंह, रेवरेंड मलार सेल्वन, बिशप पीटर जॉनसन, विनोद चेंबर, शान कुमार, आशीष सलोमान, डेविस समाधानन, प्रभाकर चक्रेर, भावना शर्मा, जसंता मसीह, श्वेता सैमुअल और एडवोकेट रुचिका जेम्स मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।

# दत्त टाउनशिप में जरूरतमंदों के लिए नि :शुल्क व्हीलचेयर सुविधा शुरू



**नवभारत, जबलपुर।** सी-ब्लॉक रहवासी सोसाइटी के अनुरोध पर राष्ट्रीय मानव अधिकार फाउंडेशन, जबलपुर संभाग द्वारा दत्त टाउनशिप एवं तिलहरी क्षेत्र के जरूरतमंद मरीजों, वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों के लिए नि:शुल्क व्हीलचेयर सुविधा प्रारंभ की गई है। सामाजिक सेवा की दिशा में यह एक सराहनीय पहल है। इस अवसर पर फाउंडेशन के संभागीय अध्यक्ष संजय भाटिया ने बताया कि कई बार लोगों को अस्थायी रूप से व्हीलचेयर की आवश्यकता होती है, लेकिन उपलब्धता न होने के कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए यह जनहितकारी पहल शुरू की गई है। सामान्य नागरिक 1000 रुपए की सुरक्षा निधि जमा कर सीमित अवधि के लिए व्हीलचेयर प्राप्त कर सकते हैं। उपयोग के बाद व्हीलचेयर सुरक्षित लौटाने पर सुरक्षा निधि पूर्णत: वापस कर दी जाएगी। वहीं, सी-ब्लॉक रहवासी सोसाइटी के सदस्यों के लिए यह सुविधा बिना किसी सुरक्षा निधि के उपलब्ध रहेगी तथा व्हीलचेयर का उपयोग पूरी तरह नि:शुल्क रहेगा।

### वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों को मिलेगी राहत

सभा ने इस पहल को समाजहित में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए भविष्य में भी ऐसी जनकल्याणकारी सेवाओं का विस्तार करने का संकल्प व्यक्त किया। फाउंडेशन ने बताया कि भविष्य में भी समिति के सहयोग से क्षेत्रवासियों के लिए अन्य आवश्यक चिकित्सा एवं सामाजिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने के निरंतर प्रयास किए जाएंगे, ताकि जरूरतमंद लोगों को समय पर सहायता मिल सके। यह जनहितकारी कार्यक्रम सी-ब्लॉक परिसर में आयोजित और संपन्न हुआ। इस अवसर पर सी-ब्लॉक रहवासी सोसाइटी के अध्यक्ष मुन्ना सिंह, फाउंडेशन के संभागीय अध्यक्ष संजय भाटिया, अनूप कुमार बोस, बी.एन. चौधरी, उमा शंकर तिवारी तथा डॉ. राजेश कुमार तिवारी उपस्थित रहे।

# मातृशक्ति महिला मंडल ने कराया निर्धन कन्या का विवाह




**नवभारत, जबलपुर।** मातृशक्ति महिला मंडल की महिलाओं ने एकजुट होकर एक अत्यंत निर्धन परिवार की कन्या मुस्कान संग अमित के विवाह का संपूर्ण खर्च उठाते हुए पूरे विधि-विधान से विवाह संपन्न कराया। स्थानीय क्षेत्र में सामाजिक सरोकार और लोक कल्याण के कार्यों में अग्रणी मंडल ने आर्थिक तंगी के कारण बेटी की शादी को लेकर चिंतित परिवार की सूचना मिलते ही तुरंत मदद का हाथ बढ़ाया। मंडल की ओर से न केवल भव्य पंडाल, मंडप और सामूहिक भोज की व्यवस्था की गई, बल्कि नवविवाहित जोड़े को गृहस्थी शुरू करने के लिए बर्तन, कपड़े, बिस्तर और अन्य आवश्यक उपहार भी भेंट किए गए। शादी के दौरान मंगल गीतों और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बेटी को विदा किया गया, जिससे वहां मौजूद लोगों की आंखें नम थीं और पीड़ित परिवार के चेहरे पर गहरा संतोष व खुशी के आंसू थे। यह सामाजिक कार्यक्रम स्थानीय क्षेत्र में आयोजित हुआ, जहां मातृशक्ति महिला मंडल की अध्यक्ष सुनीता पटेल, सचिव मंजू वर्मा, मेघा रैकवार, सीमा गुप्ता, रेखा विश्वकर्मा, सोनिया सोंधिया, पूनम राजपूत, सरोज शर्मा, दीपा पटेल, निशा घोष, राधा रैकवार, रजनी विश्वकर्मा, रेखा रैकवार, ज्योति जाट, बबली कुशवाहा, ज्योति मिश्रा, अनीता दुबे, रश्मि केवट, नीलम गोंटिया, दुर्गा सैनी और बबली गोस्वामी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

# चित्र प्रदर्शनी में मोदी सरकार के जनकल्याण कार्यों का दिखा संगम



**नवभारत,जबलपुर।** केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रदेश कार्यालय द्वारा प्रधानमंत्री एक्सीलेंस शासकीय महाकौशल विद्यालय में पीएम नरेंद्र मोदी की मन की बात के कार्यक्रम के साथ मोदी सरकार के विकास विश्वास और जनकल्याण के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने पर चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। चित्र प्रदर्शनी में मोदी सरकार के जनकल्याण के कार्यों का चित्रण किया गया। इस मौके पर मध्य प्रदेश शासन के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह , विधायक अशोक रोहाणी ,पार्षद श्याम कनौजिया , जय रोहणी ,अंकित फ्रांसिस, सुधीर शर्मा ,अरुण कुशवाहा ,देवल मिश्रा, सुरेश रजक, कॉलेज के प्रोफेसर छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे।

# विराट रथ यात्रा के साथ निज धाम लौटे भगवान जगन्नाथ



**नवभारत, जबलपुर।** श्री जगदीश मंदिर गणेश मंदिर लोक न्यास, गढ़ाफाटक के तत्वावधान में हुई भगवान जगन्नाथ स्वामी की 259वीं ऐतिहासिक एवं विराट रथ यात्रा के साथ प्रभु अपने निज धाम लौट आए हैं। श्रीक्षेत्र पुरी की परंपरा के अनुसार भगवान जगन्नाथ स्वामी अपनी मौसी के हनुमान अखाड़ा मंदिर में दस दिवसीय विश्राम के बाद भव्य शोभायात्रा के साथ प्रस्थान किए। इस दौरान लोक न्यास के प्रबंध न्यासी अधिवक्ता लाल ज्ञानेंद्र सिंह बघेल ने बताया कि दस दिनों तक मौसी के निवास पर प्रतिदिन देवेंद्र त्रिपाठी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से पूजन-अर्चन, महाआरती और हरिनाम संकीर्तन हुआ, जहाँ हजारों श्रद्धालुओं ने प्रभु के दर्शन कर दिव्य कृपा का अनुभव किया। रथ वापसी के अवसर पर चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल जाबालीपुरम के भजनों से सम्पूर्ण मार्ग 'जय जगन्नाथ' के उद्घोष, ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों, पुष्पवर्षा एवं श्रद्धालुओं के भक्ति-नृत्य से गुंजायमान हो उठा। जैसे-जैसे रथ अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ता गया, आराध्य से बिछड़ने पर अनेक श्रद्धालुओं की आँखें नम थीं। मंदिर परिसर पहुंचते ही वैदिक मंत्रोच्चार एवं मंगल आरती के साथ प्रभु का भव्य स्वागत किया गया और ट्रस्ट द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान लोक न्यास के प्रबंध न्यासी अधिवक्ता लाल ज्ञानेंद्र सिंह बघेल, न्यासी राजकुमार साहू, प्रबंधक मोहित तिवारी, मनमोहन दुबे, संयोजक देवेंद्र नेमा, मोहित लोधी, जुग्गन अग्रवाल, पप्पन मिश्रा और डी. के. दुबे सहित कई श्रद्धालु मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** | कांग्रेस सेवादल का मासिक ध्वज वंदन एवं प्रभात फेरी कार्यक्रम

# निरंकुश सत्ता पर अंकुश लगाती है युवाओं की ताकत : दिनेश यादव



**नवभारत, जबलपुर।** निरंकुश सत्ता पर अंकुश युवाओं की ताकत लगाती है और युवा ही देश का इतिहास बदलता है। जब-जब सत्ता तानाशाह होती है, तब-तब उसका प्रतिकार करने के लिए युवा वर्ग को सड़कों पर उतरकर अपनी ताकत दिखानी पड़ती है। वर्तमान में नीट परीक्षा लीक के खिलाफ देश भर के छात्र अपनी संयमता बनाए रखकर ऐतिहासिक आंदोलन कर रहे हैं। इस राष्ट्रव्यापी छात्र आंदोलन और युवाओं के चौतरफा दबाव का ही परिणाम है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा है, जो सीधे तौर पर देश के युवा वर्ग की एक बहुत बड़ी जीत है। ये सारी बातें कांग्रेस के पूर्व जबलपुर लोकसभा प्रत्याशी दिनेश यादव ने कहीं। मौका था जबलपुर शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस सेवादल के संयुक्त तत्वावधान में भेड़ाघाट स्थित नगर परिषद कार्यालय के सामने आयोजित ध्वज वंदन एवं प्रभात फेरी का कार्यक्रम का। इस अवसर पर यादव ने पुलिस के लाठीचार्ज से घायल हुए आंदोलनकारी छात्रों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की। कार्यक्रम में राष्ट्रध्वज को सलामी देकर राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया तथा प्रभात फेरी के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव एवं जनसेवा का संदेश दिया गया। उपस्थित सभी साथियों ने देश की लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक मूल्यों की रक्षा तथा समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रमुख रूप से मुख्य अतिथि जबलपुर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी रहे दिनेश यादव, पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव, शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सतीश तिवारी, ग्रामीण कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष शिव नामदेव, रूपेंद्र पटेल, नगर परिषद भेड़ाघाट अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विवेक अवस्थी, राजेश तिवारी, पार्षद गुड्डू नबी, झल्लेलाल जैन, कांग्रेस सेवा दल प्रवक्ता जितेंद्र यादव, राकेश चक्रवर्ती, अशोक यादव, श्वेता दुबे, दिलीप राय (पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष), मदन लारिया (पूर्व पार्षद), सुक्रीत पाठक, उमेश पटेल, विष्णु विनोदिया, राजेश पटेल, मनोज बैरागी, महेश मिश्रा, विनय नेमा, रेखा झरिया, संतोष तनवेश, सुनील सराठे, ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक पाठक, नारायण शर्मा, सुभाष पटेल, शिव कुमार चौबे, हिमांशु मिश्रा, राजेंद्र पिल्ले, गुड्डू चौबे, गुड्डू दुबे, तथा धर्मेंद्र कुशवाहा, शक्ति त्रिपाठी सहित अनेक कांग्रेसजन एवं सेवादल कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राष्ट्रहित और जनसेवा के प्रति कार्य करने का लिया संकल्प

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी जनों का आभार व्यक्त करते हुए राष्ट्रहित, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं के प्रति निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया गया। इस पूरे आयोजन के माध्यम से कार्यकर्ताओं में राष्ट्रभक्ति का संचार करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम का संयोजन पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस आयोजन में शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सतीश तिवारी, ग्रामीण कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष शिव नामदेव तथा नगर परिषद भेड़ाघाट अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# उत्सव के रूप में मनाया गया 14वां स्थापना दिवस

**लोक कल्याण भूमिका समिति के सफलतम 14 वर्ष पूरे**



**नवभारत, जबलपुर।** समाज सेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत लोक कल्याण भूमिका समिति ने अपना 14 वाँ स्थापना दिवस गरिमामय एवं भावपूर्ण वातावरण में उत्सव के रूप में मनाया। इस अवसर पर मुख्यातिथि वरिष्ठ प्रबंधक अनिल चौबे, दूरदर्शन निदेशक देवेंद्र वर्मा, शिक्षाविद ताराचंद बेलची, पत्रकार अनिल शुक्ला, विनीत यति सहित संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स एवं अनेक गणमान्य अतिथियों का रेखा कुशवाहा, नरेंद्र शर्मा ने आत्मीय स्वागत किया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण संस्था की 14 वर्षों की प्रेरणादायी यात्रा पर आधारित विशेष चल चित्र वीडियो रहे। स्क्रीन पर प्रदर्शित इस डॉक्यूमेंट्री में संस्था के स्थापना काल से लेकर आज तक समाज के विभिन्न वर्गों के लिए किए गए सेवा कार्यों, संघर्षों, उपलब्धियों और जनहित के अभियानों को सजीव रूप में प्रस्तुत कर अतिथियों और सदस्यों को भावुक कर दिया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष रेखा कुशवाहा के नेतृत्व में बीते वर्षों में किए गए सामाजिक कार्यों एवं संस्था को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के प्रयासों की भी विशेष सराहना की गई। वहीं भोपाल से आये अनिल चौबे ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि रेखा कुशवाहा के नेतृत्व, दूरदर्शिता और सेवा भावना ने संस्था को समाज के बीच एक विश्वसनीय पहचान दिलाई है और आज लोक कल्याण भूमिका समिति जनसेवा का सशक्त माध्यम बनकर उभरी है। मंच से रेखा व नरेंद्र शर्मा ने सफल संचालन करते हुए आत्मिक आभार व्यक्त किया । समारोह के अंत में संस्था द्वारा सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं विशिष्ट योगदान कर्ताओं को सम्मान-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह ने आयोजन को आत्मीयता और गौरव के भाव से